ई-मेल

निदेशालय, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तराखण्ड

उद्यान भवन, चौबटिया–रानीखेत, अल्मोड़ा
ई–मेलः– **missionhortiuk@gmail.com / dirudyanhorti@gmail.com**

पत्रांक 2111 / **WINDS** / 2024–25 दिनांकः देहरादूनः 31 दिसम्बर, 2024

सेवा में,

1. **Director, Azista Industries Private Limited, 7, Magnet Corporate Park, Near Sola Flyover, S.G. Highway, Thaltej, Ahmedabad-380059**
2. **Director, Ingen Technologies Private Limited, Plot No. NPH-43, Keshavpuram, Awas Vikas-1, Kalyanpur, Kanpur – 202017.**
3. **Director, Obel Systems Pvt. Ltd., #7, Ground Floor, Jaya Mansion, Parklane, 16, S.D. Road, Secunderabad – 500003**
4. **Director, Skymet Weather Services Pvt. Ltd., Plot No 10 & 11, Prius Height, Sector 125, Noida – 201301.**

विषयः– **पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु विड्स मैनुअल–2023 के अनुसार मौसम के आंकड़े प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध डाटा कम्पनियों से मौसम केन्द्र (AWS) एवं ARG स्थापना किये जाने हेतु सीमित निविदा के माध्यम से दरें उपलब्ध कराने की समय सीमा विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तराखण्ड के पत्रांक 2674 / WINDS / 2024–25 दिनांक 26.12.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु विड्स मैनुअल–2023 के अनुसार मौसम के आंकड़े प्राप्त करने हेतु मौसम केन्द्र (AWS) एवं ARG स्थापना के लिए सीमित निविदा के माध्यम से दिनांक 31.12.2024 की अपरान्ह् 01:00 बजे तक दरें आमन्त्रित की गयी। उक्त सीमित निविदा में निर्धारित समयान्तर्गत किसी भी सूचीबद्ध डाटाप्रदाता कम्पनी द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया है तथा आपके द्वारा उक्त सीमित निविदा की अवधि विस्तार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु विड्स मैनुअल–2023 के अनुसार मौसम के आंकड़े प्राप्त करने हेतु मौसम केन्द्र (AWS) एवं ARG स्थापना किये जाने हेतु सीमित निविदा की अवधि दिनांक 09.01.2025 की अपरान्ह् 01:00 बजे तक विस्तारित करते हुए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, राजकीय उद्यान, सर्किट हाउस, देहरादून में आमन्त्रित की जाती है, जिन्हें विभागीय गठित समिति द्वारा दिनांक 09.01.2025 को अपरान्ह् 02:00 बजे खोला जायेगा। आपको पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सीमित निविदा की शर्तें एवं RFP यथावत रहेंगी, जो कि विभागीय बैवसाईट www.shm.uk.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती हैं।

क्रमशः– .....2.....

ई-मेल

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु विड्स मैनुअल–2023 के अनुसार मौसम के आंकड़े प्राप्त करने हेतु मौसम केन्द्र (AWS) एवं ARG स्थापना के लिए सीमित निविदा की शर्तों के अनुसार RFP के माध्यम से दरें निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपलब्ध कराने का कष्ट कीजिएगा।

संलग्नकः– सीमित निविदा की शर्तें एवं RFP

भवदीया

(दीप्ति सिंह)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैवः–

प्रतिलिपिः–

1. सहायक आयुक्त (क्रेडिट), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, कृषि एवं कृषक कल्याण, उत्तराखण्ड शासन को निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तराखण्ड के पत्रांक 237/WINDS/2024–25 दिनांक 19.12.2024 के क्रम में शासन से अनुमोदन प्राप्त होने की प्रत्याशा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. महानिदेशक, कृषि एवं उद्यान, उत्तराखण्ड को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. क्षेत्रीय प्रबन्धक, एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, देहरादून को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. क्षेत्रीय प्रबन्धक, एस0बी0आई0 जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी, देहरादून को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(दीप्ति सिंह)
निदेशक